श्री रामदास अठावले : मेरी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, जो कि बाबा साहेब अम्बेडकर जी की पार्टी है, यह पार्टी 3 अक्टूबर, 1957 को स्थापित हुई थी। मैं इस पार्टी का अध्यक्ष हूँ और मेरी पार्टी मोदी साहब के साथ हमेशा रहेगी। जब तक मोदी जी स्ट्राँग हैं, हम सब मिल कर आगे बढ़ रहे हैं..

MR. CHAIRMAN: Thank you.

श्री रामदास अठावले: इस समय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा चल रही है। ...(**व्यवधान**)... मैं उसका सपोर्ट करता हूँ।

MESSAGES FROM LOK SABHA

The Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Castes Order (Amendment) Bill, 2024
&
The Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Tribes Order (Amendment) Bill, 2024

MR. CHAIRMAN: Now, Message from Lok Sabha; Secretary-General.

SECRETARY-GENERAL: Sir, with your kind permission, I rise to report that the Lok Sabha, at its sitting held on 6th February, 2024, passed (i) The Constitution (Jammu & Kashmir) Scheduled Castes Order (Amendment) Bill, 2024 and (ii) The Constitution (Jammu & Kashmir) Scheduled Tribes Order (Amendment) Bill, 2024.

I lay a copy each of the said Bills on the Table.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS - *Contd.*

MR. CHAIRMAN: Shri Mithlesh Kumar.

श्री मिथलेश कुमार (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति जी, आपने मुझे महामहिम महोदया के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का जो अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूँ। साथ ही, हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी, अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री जे.पी. नड्डा जी, आदरणीय गृह मंत्री जी, हमारे आदरणीय सदन के नेता तथा हमारी पार्टी ने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए भी मैं सबके प्रति बहुत आभार व्यक्त करता हूँ।